**Roll No.** | | | | | | | |

**DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE**

**PA-II / HALF YEARLY EXAMINATIONS, 2023-24**

- Please check that this question paper contains 4 printed pages.
- Check that this question paper contains 16 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

**CLASS – VII**

**SUB: HINDI (HIGHER)**

**Time: 3 Hours** **Maximum Marks: 80**

***General Instructions:***

**1.** इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग, घ।

**2.** सभी खंड एवं प्रश्न अनिवार्य हैं।

**3.** प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।

**4.** उत्तर पुस्तिका में उत्तर का वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है।

==========================================================================

## खंड – क

**प्र १ निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।**

इस पृथ्वी पर मानव जाति के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए पुरुष और महिला दोनों का होना बहुत आवश्यक है। भले ही हम विश्व के किसी भी देश या राज्य में रहते हों हर जगह यह नियम लागू होते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की शंका नहीं है कि एक महिला का मनुष्य के जीवन में बहुत ज्यादा महत्व होता है क्योंकि एक औरत ही कई हद तक कष्ट सहने के पश्चात एक शिशु को जन्म देती है।आज के इस आधुनिक युग में महिलाएँ हर क्षेत्र में अपना कदम बढ़ा चुकी हैं। आज कल्पना चावला जैसे महिलाएँ पृथ्वी से बाहर जा कर लोगों को अन्तरिक्ष का ज्ञान बाँट चुकी हैं। दूसरी बात कन्या भ्रूण हत्या सन् 1961 से बहुत बड़ा कानूनन अपराध है| जिसे करने वाले व्यक्ति को बहुत बड़ी सज़ा मिलने का प्रावधान है।

**क)** कन्या भ्रूण हत्या के लिए कानून कब बना? **(1)**

**ख)** पुरुष और महिला का होना क्यों आवश्यक है? **(1)**

**ग)** उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर किस अपराध के लिए भारतीय क़ानून में सजा मिलने का प्रावधान है? **(1)**

**घ)** अन्तरिक्ष का ज्ञान कौनसी महिला बाँट चुकी हैं ? **(1)**

**ङ)** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। **(1)**

**प्र २ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए**

चलचित्र सामाजिक कुरीतियों, कुनीतियों और अन्धविश्वासों के विरुद्ध एक शक्तिशाली जनमाध्यम बन सकता है, किन्तु अब इसमें दर्शकों की रुचि नहीं रह गई है। सच तो यह है कि आज के चलचित्रों ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को भुला दिया है और केवल टिकट खिड़की पर भीड़ इकट्ठी करना और धन बटोरना ही उनका एक मात्र उद्देश्य रह गया है। सरकार और सेंसर जब तक चलचित्रों के प्रति कठोर रुख नहीं अपनाएँगे, तब तक ये तरुण पीढ़ी की कोमल भावनाओं के साथ यों ही खिलवाड़ करते रहेंगे। अतः चलचित्र-निर्माताओं को स्वस्थ, स्वदेशी फिल्मों का निर्माण करके देश की अनेक समस्याओं तथा कुरीतियों के विरुद्ध जन-जागरण का बीड़ा उठाना चाहिए।

**क)** दर्शकों की रूचि वर्तमान किस में नहीं है? **(1)**

**ख)** चलचित्र निर्माताओं का सामाजिक उत्तर दायित्व क्या है? **(1)**

**ग)** चलचित्र निर्माताओं के उद्येश्य क्या हैं? **(1)**

**घ)** तरुण पीढ़ी की कोमल भावनाओं के साथ खिलवाड़ कौन कर रहा है? **(1)**

**ङ)** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। **(1)**

## खंड – ख(व्याकरण से)

**निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।**

**प्र 3 क)** संधि विच्छेद कीजिए – दशानन **(2)**

**ख)** संधि कीजिए - सत्य+अर्थ =

**प्र 4 क)** समास का नाम लिखते हुए समास विग्रह कीजिए -राज्याभिषेक **(2)**

**ख)** उचित स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक का प्रयोग कीजिए -कापना,प्रशसा **(1)**

**ग)** वचन बदलिए -मित्र से, चेहरे पर **(1)**

**घ)** विलोम शब्द लिखिए -देश, स्वच्छ **(1)**

**ङ)** मुहावरों के अर्थ स्पष्ट कीजिए -दिल दहलना, दाँत पीसना **(2)**

**प्र 5 क)** भाववाचक संज्ञा में बदलकर लिखिए -बच्चा **(1)**

**ख)** एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए -पुत्री,पृथ्वी **(2)**

**ग)** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए – जिसका कोई पार न हो, जो पर्वतों की चढ़ाई करे **(2)**

**घ)** उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए – अपमानित **(1)**

**प्र 6 क)** सर्वनाम के किन्ही दो भेदों के नाम लिखिए। **(1)**

**ख)** विशेषण शब्द छाँट कर विशेषण का भेद लिखिए -गिलास में थोडा-सा शरबत डाल दो **(1)**

**ग)** कोष्ठक में दी  गई क्रिया के सही रूप से वाक्य को पूरा कीजिए  -गाड़ी को तेज़ नहीं _______ चाहिए (चल ) **(1)**

**प्र 7** **क)** मानक वर्तनी में लिखिए – सुन्दर, विद्यार्थी **(1)**

**ख)** उचित विराम चिन्ह का प्रयोग कर वाक्य को पुनःलिखिए - तो फिर कल क्या करोगे किसी ने पूछा **(1)**

## खंड – ग (पाठ्य पुस्तक )

**प्र 8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए|** **(2x3=6)**

**क)** वर्षा ऋतु में क्या-क्या होता है ?

**ख)** जीवन को मोती क्यों कहा गया है ?

**ग)** अगहन का महीना नाच क्यों नचा देता है ?

**प्र 9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।** **(4x1=4)**

**क)** भारत को ऋतुओं का देश क्यों कहा जाता है? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए|

अथवा

ख) प्रकृति समय के अनुसार चलती है, स्पष्ट कीजिए।

**प्र 10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए।** **(2x3=6)**

**क)** एवरेस्ट-शिखर पर चढ़कर पर्वतारोहियों ने क्या देखा ?

**ख)** तन्मय की बात सुनकर दूकानदार को कैसा लगा और उसने क्या किया ?

**ग)** सयाल को सब क्यों पसंद करते थे ?

**प्र 11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए।** **(3x3=9)**

**क)** 'हिलेरी की चिमनी' लेखक के लिए चिंता का विषय क्यों था ?

**ख)** हैडमास्टर ने बच्चों कों छुट्टियाँ किस प्रकार बिताने की सलाह दी ?

**ग)** सच्चाई और साहस के बल पर हम किसी भी परिस्थिति का सामना कैसे कर सकतें हैं ?

**प्र 12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।** **(5x1=5)**

**क)** हमें दीवाली का त्योहार कैसे मनाना चाहिए? इस विषय पर अपने विचार बताईए

**अथवा**

**ख)** विद्यार्थियों को परीक्षाओं का समय जीवन का कठिन समय न लगे, उसके लिए उन्हें क्या-क्या करना चाहिए?

## खंड – घ (रचनात्मक लेखन)

**प्र 13** दिए गए विषयों में से किस एक विषय पर (८०-१००) शब्दों में अनुच्छेद लिखिए **(5)**

क) समय का महत्व

ख) पर्यावरण संरक्षण

**प्र 14** अपने क्षेत्र की गन्दगी साफ़ करवाने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**


आप डी.ए.वी पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली के छात्र / छात्रा, रमण / राधिका हैं फीस माफ़ी हेतु प्रधानाचार्या को आवेदन पत्र लिखिए।

**प्र 15** क) मान लीजिए आपके चाचाजी आपके मित्र के पडोसी है| आपने अपने मित्र को कुछ सामान अलग-अलग लिफ़ाफ़ों में डालकर उन्हें देने के लिए दिया |मित्र द्वारा चाचाजी को पहुँचाने के बाद उसका विवरण देते हुए आपके मित्र और आप में हुई बातचीत को संवाद की तरह लिखिए। **(5)**

अथवा

ख) आपके विद्यालय में पिकनिक का आयोजन किया गया है | आप अपनी माताजी से पिकनिक जाने के लिए अनुमति माँग रहे हैं| माताजी और आपके बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में प्रस्तुत कीजिए।

**प्र 16** **निम्न में दिए गए चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए (८०–१००) ।** **(5)**



****